**प्रेस नोट**
**दिनांक 20.10.2025**

**थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा गैर-इरादतन हत्या करने के 01 वांछित अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबंगज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 379/2025 धारा 105 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 वांछित आरोपी अभियुक्त जगन पुत्र रुदई चौहान ग्राम कटरा भोगचन्द से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 19.10 2025 को वादिनी श्रीमती अन्देशा पत्नी रूदई नि0 ग्राम कटरा भोग चन्द्र थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना नवाबगंज में तहरीर दी गई कि उनके पति की मृत्यु 10-15 वर्ष पूर्व हो चुकी है उसके दो बेटों के साथ रहती हैं जो शराब पीकर आपस मे लड़ते झगडते मार पीट करते रहते है, दिनांक 18.10.25 को रात मे उनके छोटे बेटे जगन व बड़े बेटे अलगू के बीच शराब के नशे मे झगडा हुआ जिसमें जगन ने अलगू के सिर पर डंडे से मार दिया था डण्डा मारने से अलगू के सिर पर चोट लग गयी थी, जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई । प्राप्त तहरीर पर थाना नवाबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ । आज दिनांक 20.10.2025 को थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान वांछित आरोपी अभियुक्त जगन पुत्र रुदई चौहान को ग्राम कटरा भोगचन्द से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. जगन पुत्र रुदई चौहान निवासी ग्राम कटराभोगचन्द थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0- 379/2025 धारा 105 बी0एन0एस0 थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा ।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 संजीव सिंह मय टीम
02. हे0का0 सुनील यादव
03. हे0का0 देशदीप गिरि
04. हे0का0 विपिन सिंह

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 20.10.2025,**
**जनपद गोण्डा।**

**दीपावली के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत 'मण्डलीय बाल देखरेख संस्थान (बाल गृह)' पहुंचकर बच्चों के साथ बिताए गए खुशनुमा पल — मिठाई, फल व पटाखा पाकर बच्चों ने कहा "हैप्पी दीवाली सर"।**

आज दिनांक 20.10.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल श्री विनीत जायसवाल एवं डॉ० तनवी जायसवाल (अध्यक्ष वामासारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा दीपावली के अवसर पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित 'मण्डलीय बाल देखरेख संस्थान (बाल गृह)' पोर्टरगंज पहुंचकर बच्चों को मिठाई, फल, उपहार एवं पटाखे भेंट किए गए तथा उनके साथ आत्मीयता के कुछ पल साझा किए गए। बच्चों ने अपनेपन का एहसास पाकर पुलिस अधीक्षक से कहा – "हैप्पी दिवाली सर!" और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कविताएं सुनाई तथा पुलिस अधीक्षक महोदय को धन्यवाद दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने बच्चों के साथ मिलकर फुलझड़ी एवं पटाखे जलाए, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। इस अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा गया कि— "आप हमारे परिवार के सदस्य हैं, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर निःसंकोच पुलिस को बताएं, आपकी पूरी सहायता की जाएगी। अपने आप को कभी असहाय या अकेला न समझें।" साथ ही डॉ० तनवी जायसवाल द्वारा भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें, आगे चलकर आत्मनिर्भर बनें और समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें।
इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर संस्थान में आकर बच्चों का कुशलक्षेम पूछते रहें।

**गोण्डा पुलिस सदैव आपके सुरक्षा, सम्मान एवं सहयोग के लिए तत्पर है।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**